भारत सरकार
इस्पात मंत्रालय

**राज्य सभा**
**अतारांकित प्रश्न संख्या 2393**
**08 अगस्त, 2025 को उत्तर के लिए**

## बीपीएनएसआई की कार्यप्रणाली पर चिंताएं

2393. डा. सस्मित पात्राः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) बीजू पटनायक राष्ट्रीय इस्पात संस्थान (बीपीएनएसआई) के बोर्ड द्वारा 1 अप्रैल, 2023 से प्रभावी रूप से अनुमोदित वेतन संशोधन को अब तक लागू न किए जाने के क्या कारण हैं;

(ख) बीपीएनएसआई बोर्ड द्वारा अनुमोदित उक्त वेतन संशोधन कब तक लागू किया जाएगा;

(ग) इसके कार्यान्वयन में हुई देरी के कारण क्या हैं;

(घ) बीपीएनएसआई में पूर्णकालिक निदेशक की नियुक्ति के स्थान पर प्रभारी निदेशक की नियुक्ति की परिपाटी के क्या कारण हैं; और

(ङ) बीपीएनएसआई में प्रभारी निदेशक के स्थान पर पूर्णकालिक निदेशक की नियुक्ति की प्रक्रिया कब से शुरू की जाएगी?

**उत्तर**

इस्पात मंत्री (श्री एच. डी. कुमारास्वामी)

(क) से (ङ): बीजू पटनायक राष्ट्रीय इस्पात संस्थान (बीपीएनएसआई) के कर्मचारियों के लिए वेतन संशोधन बीपीएनएसआई द्वारा अपर्याप्त आंतरिक राजस्व सृजन के कारण लागू नहीं किया गया। वर्तमान में निदेशक, नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सेकेण्डरी स्टील टेक्नोलॉजी (एनआईएसएसटी) इस पद का अतिरिक्त प्रभार संभाल रहे हैं।

******